CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:14 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:19 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 25 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 9 जुलाई 2025



वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर...पेजं-3 पर

News कॉर्नर

## गंगा में डूबीं मध्यप्रदेश से राम कथा सुनने आई मां-बेटी, तलाश जारी

**ऋषिकेश।** मध्यप्रदेश से आई मां बेटी राम तपस्या आश्रम के घाट पर स्नान करने गई थीं। इस दौरान दोनों गंगा के तेज बहाव में बहकर लापता हो गईं। ऋषिकेश में सुबह ब्रह्मपुरी राम तपस्थली के पास मां-बेटी स्नान के दौरान गंगा के तेज बहाव में बह गई। एसडीआरएफ की टीम का सर्च ऑपरेशन जारी है। जानकारी के अनुसार, राम तपस्थली में राम कथा का आयोजन हो रहा है। मध्यप्रदेश से आई मां बेटी मनू उपाध्याय पत्नी मनीष उपाध्याय, कैलाश रस मोरियाना मध्य प्रदेश और गौरी(18) पुत्री मनीष उपाध्याय सुबह करीब 6ः30 बजे राम तपस्या आश्रम के घाट पर स्नान करने गई थीं। इस दौरान वे दोनों गंगा की तेज धारा में बह गईं। टीम ने सर्च अभियान चलाया लेकिन अभी तक उनका कोई पता नहीं लग सका है। बहाव अत्यधिक होने से टीम ने हरिद्वार जल पुलिस, एसडीआरएफ व अन्य बैराज स्टाफ को भी अवगत करा दिया है।

## आज भी बिगड़ा रहेगा मौसम कई जिलों में बारिश के आसार

**देहरादून।** आज देहरादून, टिहरी, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है। हालांकि आज (बुधवार) बारिश से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, टिहरी, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में गर्जन के साथ तेज बिजली चमकने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश के मैदानी इलाकों में बारिश से राहत मिलेगी। जबकि पर्वतीय इलाकों में भी बारिश की रफ्तार में कमी आएगी। राज्य में बारिश और भूस्खलन की वजह से 154 सड़के बंद हैं, इनमें से 30 सड़कें खोली जा चुकी हैं।

## आतंक से निपटने के लिए एटीएस और विशेष सुरक्षा बल तैनात करें: सीएम धामी

देहरादून
हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था की दृष्टि से पिछली यात्राओं में उत्पन्न चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड यात्रा और मेले के दौरान किसी भी संभावित आतंकी घटना से निपटने के लिए एटीएस और विशेष सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने खुफिया तंत्र को भी चौकस रहने और विभागीय सचिवों एवं पुलिस महानिरीक्षकों को मेले की सभी तरह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिन स्थलीय निरीक्षण करने को कहा। मुख्यमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था की दृष्टि से पिछली यात्राओं में उत्पन्न चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, स्वयंसेवकों और होटल व धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूरा सत्यापन कराया जाए। सभी प्रमुख स्थलों पर एक्सरे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर एवं कर्मियों की तैनाती की जाए। हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर अन्य प्रमुख स्थलों पर एंबुलेंस व बैकअप की व्यवस्था, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती करने और आपदा राहत उपकरणों से युक्त गोताखोरों व जल पुलिस की व्यवस्था की जाए। रोकथाम के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। बैठक में सचिव गृह शैलेश बगौली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ,सचिव आपदा प्रबंन विनोद कुमार सुमन समेत पुलिस के कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कई वाहन नदी में गिरे, पीएम मोदी ने जताया दुख

## वडोदरा में महिसागर नदी पर बना पुल ढहा, नौ लोगों की मौत

गुजरात/नई दिल्ली
एजेंसी



गुजरात के वडोदरा जिले में बड़ा हादसा हो गया है। महिसागर नदी पर वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाला पुल सुबह अचनाक से ढह गया। पुल के टूटने से कई वाहन नदी में गिर गए।

गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार सुबह एक चार दशक पुराने पुल का हिस्सा ढह जाने से कई वाहन नदी में गिर गए। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। बचाव दल ने छह अन्य को बचा लिया गया। बचाव अभियान जारी है। यह पुल बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे ढहा। गौरतलब है कि 900 मीटर लंबा यह गंभीरा पुल वडोदरा और आणंद जिलों को जोड़ता है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा, घटना के बाद स्थानीय तैराक, नावें और नगर निगम की टीमें तुरंत मौके पर पहुँच गईं। आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र, एनडीआरएफ की टीमें और अन्य प्रशासनिक व पुलिस टीमें मौके पर मौजूद हैं। बचाव अभियान जारी है। हमने अब तक 9 शव बरामद किए हैं। 5 लोग घायल हैं, एक छठा घायल व्यक्ति अभी-अभी मिला है और उसे चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। घटनास्थल से मिले दृश्यों में देखा जा सकता है कि पुल का पूरा स्लैब दो खंभों (पायर्स) के बीच से टूटकर गिर गया है। पडरा थाने के निरीक्षक विजय चारण ने पहले बताया कि यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई, जब दो ट्रक और दो वैन समेत कई वाहन नदी में गिर गए। वडोदरा फायर ब्रिगेड की टीमें और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं, जो अब भी जारी है। गंभीरा पुल के ढहने पर सड़क एवं भवन विभाग के सचिव पीआर पटेलिया ने कहा, हमें गंभीरा पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल पर भेज दी गई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को घटनास्थल पर भेजने और पुल गिरने के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, दो ट्रक, एक बोलेरो एसयूवी और एक पिकअप वैन सहित चार वाहन पुल पार कर रहे थे, तभी अचानक यह ढह गया और कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए।

घटना के बाद आए वीडियो में देखा जा सकता है कि गंभीरा नदी पर बने पुल का एक बड़ा हिस्सा ढहा हुआ है। जिस पर एक टैंकर लटका हुए नजर आ रहा है।

## पिथौरागढ़ में मोटर पुल और लकड़ी का पुल बहा, 50 से अधिक परिवार प्रभावित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

धारचूला में मंगलवार दोपहर से मूसलाधार बारिश हो रही है। धारचूला के तल्ला दारमा घाटी स्थित ग्राम पंचायत उमचिया में तेज बारिश और नेहल गाड़ में जलस्तर के खतरनाक स्तर तक बढ़ने से भारी तबाही हुई है। भारी तबाही से 50 से अधिक परिवार प्रभावित हुआ है।

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला के तल्ला दारमा घाटी स्थित ग्राम पंचायत उमचिया में मंगलवार दोपहर से तेज गड़गड़ाहट व लगातार हो रही तेज बारिश और नेहल गाड़ में जलस्तर के खतरनाक स्तर तक बढ़ने से भारी तबाही हुई है। इस घटना में पीएमजीएसवाई की सोबला उमचिया 2.13 करोड़ रुपये से बना 36 मीटर लंबा मोटर पुल और पीडब्ल्यूडी का तीजम और वतन तोक को जोड़ने वाली लकड़ी पुल बह गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वहीं, इससे 50 से अधिक परिवार पूरी रात परेशान रहा। जानकारी के अनुसार ऊपरी क्षेत्र में बादल फटने की आशंका जताई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बिष्ट और लक्ष्मी ग्वाल ने बताया कि नेहल गाड़ के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए और संभावित खतरे को देखते हुए 50 से अधिक परिवार अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थान वाले स्कूल और गोरखा रेजिमेंट के पोस्ट में जाकर अपनी जान बचाई और लोग डर से रातभर जागते रहे। एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया घटना की सूचना मिली है। नुकसान का आंकलन करने के लिए मौके में राजस्व विभाग की टीम भेजी जा रही है।



## छांगुर की कोठी पर दूसरे दिन भी गरज रहे बुलडोजर, अतिक्रमण हटाने में लगीं 10 जेसीबी

बलरामपुर
एजेंसी

बलरामपुर में धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के अड्डे ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी है। छांगुर के आशियाने के सामने नीतू उर्फ नसरीन के नाम से दो बीघे में 40 कमरों की आलीशान कोठी बनाई गई थी। बलरामपुर में धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की कोठी पर दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। बारिश थमते ही बुधवार को सुबह 11 बजे से बुलडोजर गरजने लगे।

एक साथ पांच बुलडोजर लगाए गए, इसके बाद फिर पांच और बुलडोजर बुलाए गए। एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि 10 बुलडोजर लगाए गए हैं। पोकलैंड न मिलने से बुलडोजर की संख्या बढ़ाई गई है। इससे पहले, हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के आलीशान अड्डे पर मंगलवार सुबह 11 बजे बुलडोजर गरजा। छांगुर ने इसे नीतू से नसरीन बनी मुंबई निवासी सिंधी महिला के नाम पर जमीन लेकर करीब 12 करोड़ रुपये में बनवाया था। निर्माण के दौरान ही दो बिस्वा सरकारी जमीन भी कब्जा ली। इसपर तहसील प्रशासन ने कोठी के उस हिस्से को अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। सोमवार को नोटिस चस्पा करने के बाद कार्रवाई की भनक लगते ही कोठी में रहने वाले लोग गेट पर ताला जड़ बाहर चले गए थे।

## खादी और खाकी के गठजोड़ से आम जन परेशान

### खादी के दखल से मुक्ति चाहती है खाकी, मातहतों की क्लास में छलका दर्द, खादी से दूर रहने की दी नसीहत

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

खा (खाकी) खा (खादी) का गठजोड़ किसी से छुपा नहीं है। भले ही आम आदमी को कायदे कानून समझने में खाकी ज्यादा देर नहीं. लगाती हो। लेकिन जब सामना खादी से हो। उसकी घिग्घी बंधना स्वाभिक है। खाकी को यह डर सताने लगता है कि खादी उसे ही न खा जाए। अपने शहर में भी कई तरह की खादी कलफ की तरह अकड़ रही है। सत्ता वाली खाकी का रंग तो गाढ़ा है। ही अन्य भी अपना रंग फीका नहीं पड़ने देना चाहते! अभी कुछ ही दिन पहले की ही बात है खाकी और खादी में कुश्ती हो गई। यहां पर खादी खाकी पर भारी पड़ गई। पहले तो दोनों खा एक दूसरे को खाने को तैयार थे। लेकिन बाद में सब पचा लिया गया। यह कोई पहला मामला नहीं था। जब खा की खा से भिड़ंत हुई हो। अपने शहर में आए दिन ऐसी भिड़ंत सामने आई ही जाती है। कई बार तो इन खा के युवराज भी यमराज बनने लगते है। जनता जनार्दन भी आए दिन यह सवाल उठाने लगी है। आखिर खाकी इन खादीवालों से इतना क्यों घबराती है। अब खाकी भी क्या करें ? जिले में खादी से टकराने पर चौकी का हाल तो सब ने देख ही लिया है।खैर एक अपने खाकी वाले साहब की नींद टूटने लगी है। अपने मातहतों की क्लास में उनके मुंह से यह कड़वा सच निकल ही गया। खादी से दूर रहो और जनता की सेवा व उनकी समस्याओं पर ध्यान दो। भले ही इन साहब ने यह शब्द अपने मातहतों की क्लास में बड़े गोपनीय ढंग से कहा है। लेकिन इससे इंकार नहीं किया जा सकता। की खाकी इस खादी के हस्तक्षेप से कहीं ना कहीं परेशान है। ओर वह ऐसे हस्तक्षेप से मुक्ति चाहती है। खैर इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। दोनों खा से एक ही मतलब निकलता है। की खाओ !



*सत्ता पक्ष का पुलिस के ऊपर दबाव तो होता ही। लेकिन पुलिस आम जनता का काम पुलिस कर ही रही। खाकी और खादी का गड़ जोड़ खादी की सुरक्षा दृष्टि से होता है।* ***-प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी।***

### खादी के आगे नतमस्तक है खाकी

खाकी व खादी का खेल अजीब है। खादी के आगे खाकी नस्मस्तक होती दिखाई दे रही है। पुलिस के उच्चअधिकारी बैठकों के माध्यम से अधीनस्थों को दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने का निर्देश तो देते हैं। लेकिन जब किसी राजनीतिक दल से जुड़ा मामला आता है तो इसकी सीधी सीधी गाज अधीनस्थों पर गिरा देते हैं। शायद उच्च अधिकारियों को अपने स्थानांतरण का भय हमेशा ही सताता रहता है। जिसको चलते वह राजनेताओं के दबाव में आकर कोई भी निर्णय लेने से पीछे नहीं हटते। जिसके चलते अधीनस्थों का मनोबल गिर रहा है। ओर उनमें उच्चअधिकारियों से विश्वास उठता सा नज़र आ रहा है।

# जमरानी डूब क्षेत्र प्रभावितों पर होगा पुनर्विचार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले प्रभावितों को लेकर एक बार फिर से पुनर्विचार किया जाएगा। इस बार फोकस विशेष रूप से उन लोगों पर रहेगा जो पहले हुए सर्वेक्षण में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए परिवारों और व्यक्तियों के नामों की पुनः जांच के लिए प्रशासन ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है।

बता दें कि मंगलवार को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने जमरानी सिंचाई विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर कमेटी गठित की जिसमें एसडीएम नैनीताल तथा तहसीलदार और जमरानी सिंचाई खंड के अधिकारी शामिल हैं। यह कमेटी गांव.गांव जाकर भौतिक सत्यापन करेगी और उन सभी मामलों की जांच करेगी जहां से शिकायतें मिली हैं कि वास्तविक प्रभावितों को पूर्व सूची में शामिल नहीं किया गया। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि कई ग्रामीणों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वे बांध के डूब क्षेत्र में आते हैं लेकिन पहले सत्यापन में



उनका नाम नहीं जोड़ा गया। इसलिए यह तय किया गया है कि एक विशेष सत्यापन कमेटी बनाकर पुनः सर्वेक्षण कराया जाए ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पारदर्शिता के साथ न्यायपूर्ण ढंग से पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। जो भी व्यक्ति भौतिक सत्यापन में पात्र पाए जाएंगे उन्हें सूची में शामिल कर उन्हें नियमानुसार लाभ दिया जाएगा। जमरानी क्षेत्र के करीब 25 स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सत्यापन का कार्य समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। पिछले सर्वेक्षण में टीम जब गांव पहुंची थी उस समय कुछ लोग बाहर काम पर थे जिस कारण उनका नाम नहीं जुड़ सका। जिन ग्रामीणों द्वारा प्रतिकर भुगतान के लिए दावा किया जा रहा है उनके दावा आपत्ति का सत्यापन एवं स्थलीय जांच की जाएगी ताकि उनकी शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। बताते चले कि जमरानी बांध परियोजना कुमाऊं क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण योजना है जिससे हल्द्वानी रुद्रपुर समेत पहाड़ क्षेत्रों को पेयजल और सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन में भी सहायक होगी। इस दौरान जमरानी सिंचाई विभाग के उप महाप्रबंधक ललित कुमार बिष्ट, परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत, उप राजस्व अधिकारी सीएस कांडपाल तथा जिलेदार सुभाष तिवारी मौजूद रहे।



# कुमाऊं विवि में वंर्कशॉप के कार्यों का निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में मंगलवार को कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत ने गणित विभाग ,योग विभाग तथा वंर्कशॉप के कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्यों को शीघ्र संपन्न करने के निर्देश दिए।

प्रो. रावत ने इतिहास विभाग के हिमालयन मयूजियम में हो रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया साथ ही एएन सिंह हॉल के ऊपर मीटिंग हॉल बनाने की संभावनाओं को भी देखा । कुलपति ने बॉटनी में कलास रूम तथा फ रैस्ट्री के कार्यों सहित एन सीसी के शूटिंग रेंज तथा पार्किंग हेतु भी निरीक्षण किया ।

इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदा बल्लभ पालीवाल, सचिव विपिन चंद्रा तथा आनंद रावत ,डॉ कुबेर गिनती ,डॉ पी एस अधिकारी तथा डॉ दीपक मेलकानी आदि शामिल रहे ।

# [ ारब में मलबा आने से 50 किमी घूमकर निकलीं गाड़ियां

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

सोमवार रात क्वारब में पहाड़ी से मलबा गिरने से आपातकालीन वाहनों की आवाजाही ठप रही। बीते दिवस से वाहनों को 50 किमी का अतिरिक्त फेरा लगाकर रानीखेत के रास्ते अल्मोड़ा और हल्द्वानी के लिए गए। क्वारब की समस्या और कैंची में जाम के चलते वाहनों को अल्मोड़ा से हल्द्वानी पहुंचने में पांच से छह घंटे लगे।

तीन जिलों की लाइफलाइन अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्टीय राजमार्ग 109 पर क्वारब की पहाड़ी से रात को मलबा गिरा। इससे एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन वाहनों का संचालन ठप हो गया। अल्मोड़ा-हल्द्वानी आने जाने वाले वाहन रानीखेत के रास्ते गंतव्य पहुंचे। मंगलवार को एनएच पर आए मलबे को हटाया गया। इससे क्वारब पर रुक-रुक कर वाहनों की आवाजाही हुई। क्वारब और कैंची में जाम के चलते अल्मोड़ा से हल्द्वानी जाने वाले वाहन तीन घंटे के बजाए पांच-छह घंटे में गंतव्य तक पहुंचे। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश होने पर क्वारब में एनएच पर आया मलबा कीचड़ में तब्दील हो रहा है। इससे वहां पर चढ़ाई में चढ़ने पर वाहन फिसल रहे हैं। दोपहिया चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



## NEWS / फटाफट

### अनियंत्रित स्कूटी कार से टकराई, वाहन क्षतिग्रस्त

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल स्थित भवाली रोड पर अनियंत्रित स्कूटी रपटकर कर कार से टकरा गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को तल्लीताल निवासी कृष्णा कुमार अपनी स्कूटी से डांठ से भवाली की ओर जा रहा था। अचानक उसकी स्कूटी अनियंत्रित हुई और सडक़ पर जा रपटी। इस दौरान उसकी स्कूटी भवाली से नैनीताल को आती पंजाब निवासी गुरप्रीत कौर की कार संख् पीबी 65 बीएच 6537 से टकरा गई। कार और स्कूटी की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। इस दौरान यातायात अव्यवस्थित हुआ तो चीता कांस्टेबल अमित गहलोत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो गलती स्कूटी सवार की निकली। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि स्कूटी सवार की ओर से कार की मरम्मत कराने की बात कही। जिसके चलते दोनों के बीच समझौता हो गया।

### प्रशासन की मानसून तैयारियों की पोल खुली

**नैनीताल** । नैनीताल में मंगलवार को हुई बारिश ने प्रशासन की मानसून तैयारियों की पोल खुल गई। मल्लीताल में बारिश के दौरान मस्जिद के सामने सडक़ जलमग्न हुई तो समीपवर्ती रेस्टोरेंट में पानी भर गया। बता दें कि मंगलवार को नैनीताल में दोपहर को तीन घण्टे हुई लगातार बारिश ने लोगों को डरा दिया। बारिश के दौरान नाले उफान पर नजर आए। तो वहीं नालियों का पानी सडक़ों पर नजर आया। वहीं मल्लीताल मस्जिद के समीप नाले में कूड़ा जमा होने के चलते सडक़ जलमग्न हो गई। जिसके बाद पानी सीढिय़ों व दीवार से बहते हुए खेल मैदान में उतर गया। इस दौरान सीढिय़ों से उतरा पानी नीचे रेस्टोरेंट व दुकान में घुस गया। जिसके चलते लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों ने नाले के मुहाने से कूड़ा हटाया तो पानी की निकासी हुई। बारिश के दौरान शहर के सीवर लाइन में पानी चलने के कारण कई सीवर होल के ढक्कन उपर उठ गए। जलभराव की सूचना पर एसडीएम नवाजिश खलीक ने लोनिवि व पालिका की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान सडक़ पर जल भराव हुआ था। मस्जिद तिराहे वाली नाली से निकासी नहीं हो पाई। जिससे पानी सडक़ की ओर आ गया। विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### खेल मैदान में कार दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित खेल मैदान में कार दौड़ाना और कार ड्रिफट करना दो कार चालकों को महंगा पड़ गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने दोनों कार चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में मल्लीताल खेल मैदान में पर्यटक दो कारों को दौड़ाते हुए वीडियो शूट कर रहे थे। साथ ही कार से ड्रिफट ककर रहे थे। जिसकी वीडियो बनाकर लोगों ने एसडीएम व अन्य अधिकारियों को भेज दी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए वाहनो को कबजे में ले लिया। जिस पर वाहन स्वामी पुलिस से भिडऩे लगे। जिस पर पुलिस ने बताया कि खेल मैदान में वाहन चलाना प्रतिबंधित है। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि खेल मैदान में गाड़ी दौड़ाने व ड्रिफट करने पर दिल्ली निवासी शौरभ आहूजा व चखुटिया अल्मोड़ा निवासी दिनेश किरौला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों वाहन सीज कर दिए हैं।

### डॉ. आई.डी. भट्ट ने पदभार ग्रहण किया



**नैनीताल** । देश के प्रतिष्ठित पर्यावरणीय शोध संस्थान गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमलए अल्मोड़ा में डॉ. आई.डी. भट्ट ने कार्यकारी निदेशक (प्रभारी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में वह जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन केंद्र के वैज्ञानिक.जी एवं केंद्र प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। इस बीच कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ यूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ विजय कुमार ने कूटा परिवार की तरफ से डॉ आई डी भट्ट को कार्यकारी निदेशक का कार्यभार ग्रहण खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है तथा उन्हें शुभकामनाएं दी हैं ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मिनी ट्रक से पकड़े गए तुन के 101 तख्ते और बल्ली

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- वन अधिनियम में केस दर्ज कर वाहन को सीज किया

द्वाराहाट पुलिस ने एक मिनी ट्रक से तुन की लकड़ी के 101 तख्ते और बल्लियां बरामद की हैं। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वन अधिनियम में केस दर्ज कर वाहन को सीज किया गया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस टीम थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में गश्त कर रही थी। चौखुटिया की ओर से आ रहे एक सफेद रंग के मिनी ट्रक को रोककर जांच की गई। वाहन में लकड़ी लदी हुई थी। पुलिस टीम ने लकड़ी से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वाहन में बैठे व्यक्ति दस्तावेज नहीं दिखा पाए। उन्होंने बताया कि पेड़ को उन्होंने लछी राम निवासी ग्राम मेहलचौरा तहसील चौखुटिया से खरीदा था। जिसकी उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा वन प्रभाग से काटने की अनुमति ली थी।

पुलिस ने मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाया। वन टीम ने बताया कि प्रतिबंधित तुन प्रजाति की लकड़ी को परिवहन करने की अनुमति नहीं है। इस पर योगेश कुमार (33) निवासी कनार वार्ड द्वाराहाट, विजय कुमार (26) निवासी ग्राम मेहल चौरा पोस्ट महाकालेश्वर और दिनेश कुमार (38) निवासी ग्राम हसनपुर थाना रेहड़ जिला बिजनौर हाल निवासी जल निगम ऑफिस द्वाराहाट को गिरफ्तार किया गया। तीनों के खिलाफ धारा-26/41/42(1)52 एफ (वन अधिनियम) में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उम्मीदवार बेला तोलिया के विरुद्ध आपत्ति पत्र सौंपा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए रामड़ी आन सिंह (पनियाली) सीट से नामांकन करने वाली उम्मीदवार बेला तोलिया के विरुद्ध निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति पत्र सौंपा गया है।

आपत्ति में आरोप लगाया गया है कि बेला ने वर्ष 2024 में जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए प्रशासक का पद ग्रहण किया था। इस दौरान उन्होंने नगर निगम वार्ड 38 बिठौरिया की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया, जो पंचायती राज अधिनियम के अनुसार जिला पंचायत सदस्यता के लिए उन्हें अयोग्य बनाता है।

आरोप यह भी है कि प्रशासक के पद पर रहते हुए उन्होंने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों का प्रयोग किया, जबकि यह स्थिति पंचायती व्यवस्था के तहत निष्पक्ष नहीं मानी जाती। नामांकन के बाद भी उनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में बरकरार है। आपत्ति में



**पंचायत चुनाव**

- नगर निगम वार्ड 38 बिठौरिया की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया
- जो पंचायती राज अधिनियम के अनुसार पंचायत सदस्यता के लिए उन्हें अयोग्य बनाता

यह भी उल्लेख है कि पूर्व में भी उन्होंने बार-बार अपने नाम का स्थानांतरण नगर निगम और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों में करवाया है, जो नियमतः गलत है। शिकायतकर्ता ने उनके नामांकन को निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी उमा की ओर से यह शिकायत प्राप्त हुई है। इस पर बेला तोलिया ने मंगलवार को अपना जवाब प्रस्तुत किया है। डॉ. जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इस पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

# अभिमत



## नशे का दुष्परिणाम

***मनुष्य की जिंदगी आसान होती जा रही है, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर जीवन के लिए खतरा पैदा करते हैं। नशा करने वाला अपने लिए परेशानी के साथ दूसरों को भी हानि पहुंचाता है। एक अध्ययन के अनुसार 30-32 साल के युवा लकवे की चपेट में आ रहे हैं। चेहरा टेढ़ा होना, हाथ-पैर में कमजोरी, बोलने में परेशानी और आंख से दिखने में धुंधलापन युवा अवस्था में हो रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार लकवे का मुख्य कारण नशे का आदी होना तथा नींद की कमी है। जलवायु परिवर्तन से भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी से लोग तनावग्रस्त हो रहे हैं। गर्मी के कारण नींद में कमी आ रही है।***

विज्ञान और तकनीक ने बड़े बदलाव किये हैं। हर क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार हुआ है। वर्तमान को तकनीक का युग कहना प्रासंगिक होगा। मनुष्य की जिंदगी आसान होती जा रही है, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर जीवन के लिए खतरा पैदा करते हैं। नशा करने वाला अपने लिए परेशानी के साथ दूसरों को भी हानि पहुंचाता है। एक अध्ययन के अनुसार 30-32 साल के युवा लकवे की चपेट में आ रहे हैं। चेहरा टेढ़ा होना, हाथ-पैर में कमजोरी, बोलने में परेशानी और आंख से दिखने में धुंधलापन युवा अवस्था में हो रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार लकवे का मुख्य कारण नशे का आदी होना तथा नींद की कमी है। जलवायु परिवर्तन से भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी से लोग तनावग्रस्त हो रहे हैं। गर्मी के कारण नींद में कमी आ रही है। सामान्य रूप से किसी भी व्यक्ति के लिए छह से आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। गर्मी और तनाव के कारण युवा अनिद्रा रोग से ग्रस्त हो रहे हैं। नशे से दिनचर्या अनियमित हो जाती है। युवा अवस्था में नशे का दुष्परिणाम जल्द महसूस नहीं होता है, लेकिन शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशे के कारण कम उम्र में ही दिमाग की नसें कमजोर हो जाती हैं। बीड़ी, सिगरेट और तम्बाकू का सेवन ग्रामीण और श्रमिक अधिक करते हैं। शहरी क्षेत्र में स्मैक, चरस, गांजा तस्करों ने विद्यार्थियों और उच्च शिक्षित व्यक्ति को नशे की लत डाल दी है। चिकित्सकों का कहना है कि तनाव के कारण उच्च रक्तचाप से खून गाढ़ा हो जाता है। खून पतला करने की दवा लगातार खानी पड़ती है। लंबे समय तक दवा का सेवन करने से लकवे की आशंका बढ़ जाती है। मादक पदार्थों के तस्करों पर नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। नशा मुक्ति केन्द्र में नशेड़ियों को रखकर नशे की आदत से छुटकारा दिलाने का काम भी किया जा रहा है। स्कूलों में नशे से हानि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। शराब, सिगरेट, बीड़ी और तम्बाकू के उत्पादों पर भारी टैक्स वसूल किया जाता है। राजस्व प्राप्ति के लालच में सरकार मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक नहीं लगाती है। इसका दूसरा पहलू यह है कि सरकार को जितना टैक्स मिलता है, उससे कहीं ज्यादा सरकार को खर्च करना पड़ता है। नशे की लत से बीमारों के इलाज का खर्च बहुत महंगा है। नशेड़ियों से कानून व्यवस्था कायम रखने पर खर्च करना पड़ता है।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



हल्द्वानी कोतवाली के सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा का सख्त रुख देखने को मिला। बैठक में जनपद की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों और आपदा प्रबंधन जैसे प्रमुख विषयों की गहन समीक्षा की गई।

एसएसपी ने कार्य में शिथिलता बरतने वाले 30 पुलिस अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए उनकी प्रारंभिक जांच खोलने के निर्देश दिए। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सी सी टीवी कंट्रोल रूम टीम को चर्चित लिफाफा गैंग के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विशेष रूप से सराहा गया। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को किरायेदारों और संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास फर्जी आधार या पहचान पत्र मिले, तो तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, साथ ही लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। बरसात के मौसम को देखते हुए एसएसपी ने सभी आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट मोड में रहने और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता को नदियों और खतरनाक जल क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह देने के निर्देश भी दिए।

आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनज़र एसएसपी मीणा ने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग, प्रभावी गश्त और निरोधात्मक कार्रवाई बढ़ाने को कहा। उन्होंने संवेदनशील बूथों की पहचान कर पहले से सतर्कता बरतने और अराजक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि स्टंटबाजी, ओवरस्पीड, नशे में ड्राइविंग जैसे मामलों पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई जाए। सोशल मीडिया पर स्टंट वीडियो वायरल होने पर थाना प्रभारी जिम्मेदार माने जाएंगे। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति में उनके अभिभावकों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले फरियादियों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही लंबित माल और विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ नैनीताल प्रमोद साह, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ रामनगर सुमित पांडे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, सहित थाना, चौकी, सीपीयू और यातायात विभाग के सभी प्रभारी मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ सूंघा नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**हल्द्वानी।** शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार किशोरी को नशीला पदार्थ सूंघाकर दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया जबकि लोक लाज के डर से पीड़ित किशोरी ने कलाई की नस काटकर आत्म हत्या का प्रयास किया। पीड़िता का बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर पॉक्सो का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बनभूलपुरा निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहर्रम के दिन उसकी नाबालिग बहन किसी जरूरी काम से बाजार की ओर आई थी। घर लौटते वक्त एक युवक ने रास्ते में उसे नशीला पदार्थ सुंघाया और अपने साथ ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# जंगली मशरूम की सब्जी खाने से सात नेपाली श्रमिकों की हालत बिगड़ी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



गुमखाल में श्रमिक एक ही जगह ठहरे थे। उन्होंने जंगली मशरूम की सब्जी बनाई और मिल-बांटकर खा ली। भोजन करने के करीब एक घंटे बाद ही श्रमिकों की हालत बिगड़ने लगी। जंगली मशरूम खाने से एक महिला श्रमिक समेत सात नेपाली श्रमिकों की हालत बिगड़ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिखणीखाल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी श्रमिकों को बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। समय रहते उपचार मिलने से उनकी जान बाल-बाल बच गई। नेपाल के जिला सुरखेत निवासी श्रमिक बड़ी संख्या में पौड़ी गढ़वाल के अलग-अलग क्षेत्रों में रहकर मजदूरी करते हैं। इसमें 20 से अधिक श्रमिक गुमखाल में एक होटल निर्माण कार्य में जुटे हैं। सोमवार शाम काम निपटाने के बाद लाल बहादुर होटल के पीछे लगी मशरूम तोड़कर ले आया और रात्रि भोजन के लिए सब्जी बना ली। सभी श्रमिकों के एक ही जगह ठहरे होने से सोमवार रात कई श्रमिकों ने सब्जी मिल-बांटकर खा ली। भोजन करने के करीब एक घंटे बाद ही श्रमिकों की हालत बिगड़ने लगी। उल्टी-दस्त, पेट में दर्द, बेचैनी से त्रस्त श्रमिकों में चीख-पुकार मच गई। अन्य श्रमिक उन्हें आनन-फानन में सीएचसी रिखणीखाल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं होने पर मंगलवार तड़के चार बजे एंबुलेंस से सभी श्रमिकों को बेस अस्पताल भेजा गया। वहां दिन भर चले उपचार के बाद श्रमिकों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# फिल्मी दुनिया

## वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हुए ऋतिक रोशन



*अभिनेता ऋतिक रोशन जल्द ही फिल्म वॉर 2 में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले महीने रिलीज होगी। हाल ही में इसकी शूटिंग पूरी हुई है। इस पर एक्टर ने इमोशनल नोट लिखा है। फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन एक बार फिर कबीर के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा फिल्म में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर ऋतिक रोशन भावुक महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। ऋतिक रोशन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट शेयर किया है। शूटिंग पूरी होने पर टीम ने केक काटा है। इसके साथ ऋतिक रोशन ने लिखा है, फिल्म वॉर 2 के लिए कैमरा बंद होने के बाद मिली-जुली भावनाएं महसूस हो रही हैं। 149 दिनों तक लगातार रोलिंग, एक्शन, डांस, ब्लड, पसीना, चोटें... और इस सबकी कीमत वसूल हुई है! ऋतिक ने पोस्ट में जूनियर एनटीआर को टैग करते हुए लिखा है, सर, आपके साथ काम करना और साथ मिलकर कुछ विशेष बनाना मेरे लिए सम्मान की बात है। वहीं कियारा आडवाणी को टैग करके लिखा है, मैं बहुत उत्साहित हूं कि दुनिया आपके घातक पक्ष को देखे, आपके साथ स्क्रीन साझा करना शानदार अनुभव रहा।*

### अगस्त में रिलीज होगी फिल्म

*ऋतिक रोशन ने आगे लिखा है, मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि आप सभी आदि और अयान के कमाल के सिनेमाई विजन को देखें। वॉर 2 के सभी कलाकारों और क्रू को, अपनी प्रतिभा को साझा करने और हर एक दिन अपना बेस्ट देने के लिए तहेदिल से शुक्रिया। आखिर में, कबीर के शूटिंग का खत्म होना कहना हमेशा कड़वा-मीठा अनुभव होता है। मुझे फिर से खुद जैसा महसूस करने में कुछ दिन लगेंगे। अब 14 अगस्त, 2025 को आप सभी के सामने अपनी फिल्म पेश करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं।*

# साईबर अपराधी ने प्रधानाचार्य के मोबाइल को हैक कर वहटसप पर अश्लील सामग्री भेजने पर मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य का मोबाइल को साईबर अपराधी ने हैक कर लिया और व्हाट्सएप अकाउंट से विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक समूहों में अश्लील सामग्री प्रसारित कर दी। यही नहीं, आरोपी ने उनके बैंक खाते से तीन बार में कुल एक लाख रुपये भी निकाल लिए। मामले में प्रधानाचार्य की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक भूरारानी के भंजुराम अमर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह शिक्षा विभाग में 40 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए हैं और वर्तमान में भंजुराम अमर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। उन्हें राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है और विभाग द्वारा दो वर्षों की अतिरिक्त सेवा दी गई है। प्रधानाचार्य के मुताबिक 17 जून 2025 को अपराह्न लगभग 4:30 बजे उनका मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने हैक कर लिया। इसके पश्चात उनके व्हाट्सएप से विद्यालय समूह, लोक सेवा आयोग परीक्षा समूह और आवासीय सोसाइटी जैसे प्रतिष्ठित ग्रुपों में आपत्तिजनक अश्लील चित्र भेजे गए, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुँचा। 18 जून की शाम 5:16 बजे से 5:22 बजे के बीच उनके बैंक खाते से तीन किस्तों में कुल 1,00,000 की धनराशि भी निकाल ली गई। प्रधानाचार्य ने पत्र में इस साईबर अपराध को गंभीर मानते हुए शीघ्र जांच कर आरोपी की पहचान कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने ने कोतवाली रुद्रपुर में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी।

# 25 से अधिक न्यायिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा मंगलवार को बड़े स्तर पर उच्च न्यायिक सेवा व सिविल जजों के स्थान्तरण किये हैं । जिसमें प्रदेश भर के जिला एवं सत्र न्यायालयों के साथ-साथ अन्य न्यायिक पदों पर बड़े स्तर पर तबादले और पदस्थापन किए गए हैं। इस अधिसूचना में कुल 25 से अधिक न्यायिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। मुख्य न्यायधीश की मंजूरी के बाद रजिस्ट्रार जनरल योगेश गुप्ता द्वारा जारी स्थानतरण सूची के मुताबिक प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव (कानून)-सह-विधि परामर्शी, उत्तराखंड सरकार को उनके मूल विभाग में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है तथा उन्हें उत्तराखंड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली (जिला नैनीताल) में निदेशक नियुक्त किया गया है। जो हरीश कुमार गोयल का स्थान लेंगे। गोयल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल नियुक्त किया गया है।

नरेंद्र दत्त, जो कि बागेश्वर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे, को हरिद्वार भेजा गया है, जबकि उनके स्थान पर पंकज तोमर को बागेश्वर में नियुक्त किया गया है। अमित कुमार सिरोही, राज्यपाल के विधिक सलाहकार को टिहरी गढ़वाल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। धर्म सिंह, जो अभी उच्च न्यायालय में ओ एस डी के रूप में कार्यरत थे, अब पौड़ी गढ़वाल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। संजीव कुमार को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल नियुक्त किया गया है।

नीलम रात्रा को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हरिद्वार के पद पर पदस्थ किया गया है। अंजुश्री जुयाल को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हरिद्वार बनाया गया है। सविता चमोली को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हल्द्वानी नियुक्त किया गया है। रजनी शुक्ला को एफ़ टी टी सी/पोस्को कोर्ट, देहरादून में नियुक्त किया गया है। श्री विक्रम, जिन्हें नैनीताल में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था, अब उच्च न्यायालय में रजिस्ट्रार होंगे। सुजीत कुमार, पूर्व रजिस्ट्रार, अब हल्द्वानी में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। अंबिका पंत को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, रुड़की नियुक्त किया गया है, जबकि श्री रमेश सिंह को एफ़ टी सी/ पोस्को कोर्ट, रुड़की भेजा गया है।

## न्यायिक सेवा कैडर में पदोन्नत कर नई नियुक्तियां दी

हाईकोर्ट ने सरकार की अधिसूचना के तहत कई न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायिक सेवा कैडर में पदोन्नत कर नई नियुक्तियां दी गई हैं । इनमें अरुण वोहरा, ओएसडी/उप सचिव, अब हरिद्वार में 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। लक्ष्मण सिंह, सीजेएम पौड़ी गढ़वाल को एफ़ टी सी/पोस्को कोर्ट हरिद्वार में नियुक्त किया गया है। राहुल कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज (सीनियर डिविजन), देहरादून को 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यायिक अधिकारियों के नाम राज्य सरकार को उनकी संभावित पोस्टिंग के लिए अनुशंसा स्वरूप भेजे गए हैं। इसमें प्रशांत जोशी को प्रमुख सचिव (कानून)-सह-एल.आर., उत्तराखंड शासन, काहकशां खान को श्रम न्यायालय, देहरादून में पीठासीन अधिकारी, विजयंती कुमार को औद्योगिक न्यायाधिकरण हल्द्वानी, नीता जोशी को स्थायी लोक अदालत, हरिद्वार। सुदीर्घ भट्ट को फैमिली कोर्ट, रुड़की में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश द्वितीय,अनिता गुनीवाल को फैमिली कोर्ट, ऊधमसिंह नगर में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश बनाये गए हैं ।

## News कॉर्नर

### नगम कार्यालय में सांप घुसने से लोगों में हड़कंप

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र स्थित उर्जा निगम कार्यालय में सांप घुसने से लोगों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों की सूचना के बाद पहुंची वन विभाग ने सांप को रेस्कयू कर जंगल में छोड़ दिया है। मंगलवार को तल्लीताल जिला पंचायत मार्ग में स्थित ऊर्जा निगम के कार्यालय में अचानक सांप दिखने से भगदड़ मच गई। कर्मचारियों की सूचना पर वन विभाग के स्नेक कैचर निमिष दानू टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने सांप को सफलतापूर्वक रेसकयू किया। रेंजर आंनद राम टमटा ने बताया कि सांप धामिन प्रजाति का था जिसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

### 4.60 ग्राम स्मैक के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बाईक सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक बरामद की। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात को पुलिस रामपुर रोड पर चैकिंग कर रही। इसी दौरान रामपुर रोड की ओर से एक बाईक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस कुछ कर पाती, इससे पहले बाईक सवार बाईक मोड़ कर भागने की कोशिश की। तभी पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस को उसकी तलाशी लेने पर लगभग 4.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम पिंटू सिंह निवासी ग्राम सुनखरीकला थाना नानकमत्ता, हाल निवासी रामेश्वरपुर रोड लालपुर, थाना किच्छा बताया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने बताया वह स्मैक बेचने का काम करता है। पुलिस ने बाईक भी सीज कर दी। उसे जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है।

# परिवहन विभाग की प्रवर्तन करवाई में 140 वाहनों के चालान, 09 सीज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

परिवहन विभाग के द्वारा सघन चेकिंग अभियान संचालित करते हुए 140 वाहनों के चालान किये और ऑटो, ई रिक्शा, पिकअप तथा एक टैक्सी सहित कुल 09 वाहनों को सीज किया।

परिवहन विभाग के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी गोविंद सिंह , अपराजिता पांडे , अनुभा आर्य, परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल, नंदन रावत के द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान संचालित किया जिसमें ट्रक, बस, टैक्सी, मैक्सी , ऑटो, ईरिक्शा , टैक्सीबाइक, कार आदि वाहनों के विरुद्ध टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन , एसओपी का अनुपालन न करना, हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग, नो पार्किंग आदि के अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई की गई। हल्द्वानी में प्रवर्तन



करवाई नरीमन चौक, निर्मला सेंट , थरेसा, नैनी वैली , वीरशिवा स्कूल के आस पास व कालाढूंगी मार्ग पर की गयी। हल्द्वानी क्षेत्र में 27 ई-रिक्शा ,ऑटो वाहनों के चालकों के द्वारा यूनिफॉर्म ना पहनने तथा नैनीताल क्षेत्र में 20 वाहनों के चालान नो पार्किंग के अभियोग में किये गये। आज चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग के सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन ढैला, अनिल कार्की, चंदन सुफ्याल, गोधन सिंह, अरविंद , मोहम्मद दानिश, हंसी आदि सम्मिलित रहे।

# दिल्ली से रविवार को घर पहुंचा, सुबह घर में फंदे से लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही फंदा लगाकर लटक गया। परिजनों की नजर उस पड़ी तो उनके होश उड़ गए। उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली।

पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप विवेक नगर निवासी सुदेश मलिक राजमिस्त्री का काम करते है। मंगलवार सुबह वह काम पर चले गए थे।पत्नी कृष्णा और छोटा पुत्र किशन घर से बाहर कहीं गए हुए थे। 22 वर्षीय बड़ा पुत्र विश्वजीत मलिक घर में ही था। इसी बीच कुछ देर बाद जब किशन घर पहुंचा तो विश्वजीत नहीं मिला। इस पर उसने दरवाजा खोला तो अंदर से बंद था। उसने काफी आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं आया तो उसने झांक कर देखा कि विश्वजीत फंदे से लटका देखा। यह देख उसके होश उड़ गए। थोड़ी देर में उसकी मां कृष्णा समेत आसपास के लोग पहुंच गए। लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारा और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई महेश कांडपाल, एसआई विजय कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से जानकारी ली। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि परिजनों ने बताया विश्वजीत मलिक ट्रांजिट कैंप की ही एक युवती से बात करता था। इसका पता चलते ही उन्होंने और युवती के परिजनों ने इसका विरोध किया था। बाद में उन्होंने विश्वजीत को नौकरी के लिए दिल्ली भेज दिया था। विश्वजीत रविवार को वापस घर आ गया था। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान 90 दिन तक मध्यस्थता राष्ट्र के लिए कार्यक्रम शुरू

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधमसिंह नगर मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान चला जा रहा है।

इस आशय की जानकारी मीडिया को देते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद में 1 जुलाई से आगामी 90 दिन तक मध्यस्थता राष्ट्र के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे जनपद के समस्त न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को मध्यस्था कर अधिवक्ताओं के सहयोग से आपसी सुलह समझौतों के आधार पर नि:शुल्क निस्तारित किये जायेगें। इसके लिए 1 से आगामी 90 दिनों तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका जनपद के न्यायालयो में पति-पत्नी के वैवाहिक विवाद मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा, घरेलु हिंसा, चैक अनादरण मामले, वाणिज्यिक लेनदेन सम्बन्धित, सर्विस समबन्धी, फौजदारी के शमनीय



प्रकृति के मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली मामले, बंटवारा सम्बन्धी, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धित तथा अन्य सुसंगत दीवानी मामलों का मध्यस्थता कर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि वे मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान में न्यायालयों में पंजीकृत/लम्बित वादों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराकर लाभ उठाये व अभियान को सफल बनाये। उन्होने कहा है कि अधिक जानकारी के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर में जानकारी ले सकते हैं।

### पुराने एनएच-125 मार्ग में डैक स्लैब क्षतिग्रस्त होने के कारण 14 से बंद हो जाएगा

**सितारगंज।** अधिशासी अभियंता लोनिवि एसके अग्रवाल ने बताया कि पुराने एनएच-125 मार्ग में सितारगंज-सिसईखेड़ा प्रभाग के मध्य कैलाश नदी पर स्थित चीकाघाट पुल का एबटमेंट एवं डैक स्लैब क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात को सुरक्षित नहीं है। जिस कारण यह पुल 14 जुलाई से सभी प्रकार के वाहनों के यातायात हेतु बंद कर दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आवागमन हेतु नये एनएच-9 का प्रयोग करें।

# भवाली नगर पालिका चेयरमैन को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने भवाली नगर पालिका चेयरमैन को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही चुनाव वाली याचिका पर अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

साथ में कोर्ट ने विपक्षी प्रकाश चन्द्र आर्या को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई(बुधवार) की तिथि नियत की है। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में हुई।

दरअसल कांग्रेस के उमीदवार पंकज आर्या ने निकाय चुनाव में बीजेपी के प्रकाश आर्या को 5 वोटों के अंतराल से चुनाव में हरा दिया था ए चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बीजेपी के प्रकाश आर्या ने जिला अदालत में चुनाव याचिका दाखिल कर उनके चुनाव को चुनाव याचिका दायर कर चुनौती दी। जो जिला अदालत में विचाराधीन है। इस याचिका में उनके द्वारा भी अपना प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि चुनाव याचिका में रिटर्निंग ऑफिसर को पक्षकार नही बनाया जा सकता। लेकिन जिला कोर्ट ने उनके प्रार्थना पत्र को खारीज कर दिया।

जिसके खिलाफ उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायलय वाद दायर किया गया। हुई सुनवाई पर कोर्ट ने चुनाव याचिका में चल रही प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए विपक्षी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के आदेश दिये हैं।

# शहर में जलभराव और नालों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मानसून के दौरान संभावित आपदा को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित जलभराव और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक रॉय ने अधिकारियों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में नगर निगम और पालिकाओं के 92 अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर तैयार की गई आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में साफ किया गया कि शहर में जलभराव, नालों में अतिक्रमण और कूड़े



जमाव को लेकर अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम ने दो वार्डों पर एक अधिकारी की तैनाती के निर्देश देते हुए कहा कि ये अधिकारी क्षेत्रीय निगरानी करेंगे और नालियों की समयबद्ध सफाई, अवैध अतिक्रमण हटाने सहित सभी तैयारियों की नियमित रिपोर्टिंग करेंगे। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि सभी वार्डों में सफाई अभियान युद्धस्तर पर जारी है। जानबूझकर नालियों में कूड़ा डालने वालों पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जा रही है और जल्द ही चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मॉनसून के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।